'कानपुर-एक खोज' थीम पर सुनाई गौरव की गाथा

अपर मुख्य सचिव मोनिका गर्ग ने मेधावियों को किया सम्मानित

कानपुर, 3 दिसम्बर। सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर के वार्षिकोत्सव पद्यांजलि में कानपुर : एक खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कानपुर-एक खोज थीम पर आधारित गीत कानपुर गौरव की गाथा की मधुर प्रस्तुति दी। बच्चों ने कानपुर के गौरव को बढ़ाते हुए प्रसिद्ध मंदिरों, शैक्षणिक संस्थान तथा स्वतंत्रता सेनानियों का वर्णन किया और कानपुर के गौरवशाली अतीत की गीत के माध्यम से प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। 1857 की क्राति की ज्वाला नामक लघु नाटिका का मंचन किया। ब्रह्मावर्त कथा में महर्षि वाल्मीकि आश्रम, मां सीता की संघर्ष गाथा था लव व कुश के जन्म से लेकर उनके पिता श्रीराम से मिलने की कथा का अत्यंत सुंदर एवं मार्मिक वर्णन किया तो जय श्रीराम के उदघोष गूंज उठे। रेट्रो से मेट्रो रंगों का सफर प्रस्तुति में बच्चों ने होली के विविधि रंगों का मनमोहक चित्रण किया तो अभिभावकों ने खूब तालियां बजायीं। पंचम संगीत में आर्केस्ट्रा, तबला, हारमोनियम, गिटार, कांगो, ड्रम, सितार आदि वाद्ययंत्रों के साथ गायन समूह ने आर.डी. वर्मन के गीत पेश किये तो सभी झूमने लगे। कानपुर-एक खोज पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव श्रीमती मोनिका गर्ग ने भगवान द्वारिकाधीश के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मनोरमा गोविंद हरि सिहानिया ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए सभी अभिभावकों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने साइंस, कामर्स तथा ह्यूमैनिटीज के टापर्स सांची अरोड़ा, तवीशी अग्रवाल, मुबाशरा नाहिद को 50 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। आईआईटी 2023 के चयनित यशोवर्धन मुखर्जी, नीट-2023 में चयनित सिद्धार्थ चौधरी, सात्विक गातेय, कष हाडा, आयुषी गुप्ता, क्लैट-2022-23 में चयनित सार्थक गुप्ता और अभिभव छाबड़ा, सीए इंटरमीडिएट-2023 के सिटी टापर सात्विक वधावन तथा शहर में द्वितीय स्थान पर रहे शिखर अग्रवाल और चिराग चांडक को आईआईएसआर में सफलता प्राप्त करने पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में 10 वर्षों का कार्यकाल पूर्ण करने पर श्रीमती पुनीत सलूजा, श्रीमती रीमा भाटिया व श्रीमती हरनीत कौर को सम्मानित किया गया। कक्षा-10 की आकृति तिवारी को स्वरचित पुस्तक, सिमरन टेकवानी को पुस्तक फारगेट एडं स्माइल तथा जपलीन कौर को पुस्तक को श्रीमती मनोरमा गोविंद हरि सिहानिया फेलोशिप फार एम्पायरिंग आथर अवार्ड 2023-24 से अलंकृत किय गया। इस दौरान वाइस चेयरमैन अभिषेक सिहानिया, वाइस चेयरपर्सन श्रीमती वर्षा सिहानिया, डायरेक्टर पार्थो पी. कर, प्रधानाचार्या श्रीमती भावना गुप्ता आदि मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की छात्रा वैभवी सिंह ने किया।

नृत्य पेश करती छात्राएं।

छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति ने बिखेरी सतरंगी छटा